2.4.3 (1)

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये Rs. 100

रु. 100 ONE HUNDRED RUPEES

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

छत्तीसगढ़ CHHATTISGARH L 10526

# अनुबंध पत्र

अनुबंध पत्र दिनाक 01/12/2017 को पंडित सुन्दर लाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर (प्रथम पक्षकार) तथा Language and learning Foudation (द्वितीय पक्षकार) के बीच निम्नांकित शर्तो पर निष्पादित किया गया :-

अनुबंध की नियम व शर्ते :-

01 सामग्री का सर्वाधिकार (copy rights) दोनों पक्षकार के पास सुरक्षित होगा।

02 प्रथम पक्षकार द्वारा चाही गई संख्या में मुद्रित सामग्री निःशुल्क द्वितीय पक्षका द्वारा विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जायेगी।

03 मुद्रित सामग्री का कवर पेज प्रथम और द्वितीय दोनों पक्षकार के नाम स प्रकाशित होगा जो कि द्वितीय पक्षकार द्वारा किया जायेगा।

04 द्वितीय पक्षकार द्वारा प्रथम पक्षकार को बहु माध्यम शिक्षण सामग्री निःशुल उपलब्ध कराई जायेगी।

05 द्वितीय पक्षकार द्वारा D.E.L.T पाठ्यक्रम में पंजीकृत छात्रों हेतु संपर्क कक्षा क आयोजन समय - सभय पर द्वितीय पक्षकार द्वारा अनुमोदित कैलेण्डर आधार पर किया जायेगा।

01.12.17

**REGISTRAR**
Pt. Sundarlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

धीर झिंगरन
Executive Director
Language and Learning Foundation

06 द्वितीय पक्षकार द्वारा संपर्क कक्षा का आयोजन प्रथम पक्षकार की सहमति से निर्धारित अध्ययन केन्द्रों में किया जायेगा।

07 पाठ्यक्रम के सत्रीय एवं प्रायोगिक विषयों की परीक्षा का संचालन एवं मूल्यांकन का कार्य प्रथम पक्षकार एवं द्वितीय पक्षकार के आपसी सहमति से किया जायेगा।

08 प्रथम पक्षकार द्वारा पाठ्यक्रम में छात्रों का प्रवेश व नामांकन सत्रांत परीक्षा का आयोजन तथा अंकसूची का वितरण किया जायेगा।

09 पाठ्यक्रम, परीक्षा की योजना एवं संचालन प्रथम पक्षकार के अध्ययन मण्डल द्वारा निर्धारित किया जायेगा।

10 किसी भी पक्ष के असंतुष्ट होने से या आपसी सहमति से इसे परिवर्तित /रद्द किया जा सकता है।

(प्रथम पक्षकार)

RK Bajpai 01.12.17

कुलसचिव

REGISTRAR

Pt. Sundarlal Sharma (Open) University Chhattisgarh

पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त)

BILASPUR (C.G.)

विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

(द्वितीय पक्षकार)

धीर झिंगरन

लैंग्वेंज एण्ड़ लर्निंग फाउंडेशन

Executive Director

Language and Learning Foundation

गवाह–

1. सोमिन त्रिवेदी, कालिकानगर, बिलासपुर (छ.ग.)

2. APatel

मालिकराम पटेल

अटल आवास नीरल

बिलासपुर (छ.ग.)

(3)

Language and Learning
foundation

**DHIR JHINGRAN**
Executive Director
**Language and Learning Foundation**
**Cell** : +91-9871630056
**Tel** : +91-11-26106045
**Email** : dhir.jhingran@llf.org.in
**Web** : www.languageandlearningfoundation.org

LLF/PSSOU/03

17 दिसंबर 2018

सेवा में
डॉ. बी.जी.सिंह
कुलपति
पण्डित सुन्दरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय,
बिलासपुर- छत्तीसगढ़

**विषय :** एल.एल.एफ़ के 6 माह के दूरस्थ शिक्षा कोर्स को विश्वविद्यालय से प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम/ सर्टिफिकेट कोर्स के रूप में सहबद्ध करने की स्वीकृति हेतु आग्रह |

आदरणीय महोदय,

जैसा की आपको ज्ञात होगा ,16 मई 2017 को आपकी अध्यक्षता में लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन (LLF) एवं पण्डित सुन्दरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय (PSSOU), बिलासपुर- छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधि मंडल की बैठक का आयोजन किया गया था| इस बैठक में एल.एल.एफ़ द्वारा संचालित विभिन्न दूरस्थ शिक्षा कोर्स में छत्तीसगढ़ के प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय के साथ मिलकर संयुक्त रूप से डिप्लोमा एवं प्रमाण पत्र ( सर्टिफिकेट) पाठ्यक्रम देने के लिए सहमति बनी थी | तद्पश्चात PSSOU और LLF के बीच MOU पर हस्ताक्षर हुए और LLF द्वारा संचालित प्रारंभिक भाषा शिक्षण सर्टिफिकेट कोर्स को आपके विश्वविद्यालय द्वारा इस कोर्स को **"प्रारंभिक भाषा शिक्षण में डिप्लोम ( डी.ई.एल.टी)"** के नाम से सहबद्ध किया गया |

इसी बैठक में एल. एल .एफ़ द्वारा संचालित **"प्रारंभिक कक्षाओं में भाषा शिक्षण और अकादमिक सहयोग"** , 6 माह के दूरस्थ शिक्षा कोर्स को प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम/ सर्टिफिकेट कोर्स की मान्यता देने पर भी सहमति बनी थी| चर्चा के उपरांत आपके द्वारा लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन को एक प्रस्ताव बनाकर भेजने का सुझाव दिया गया था | इस कोर्स के निर्माण में कुछ ज्यादा समय लग गया और इस कारण हम इसका प्रस्ताव पहले आपसे साझा नहीं कर पाए | अब यह कोर्स तैयार है और इसका पहला बैच अगस्त 2018 से LLF, SCERT छत्तीसगढ़ व RGSM द्वारा 200 संकुल समन्वयकों के साथ करवाया जा रहा है |

आपके सुझाव अनुसार हम आपके साथ इस कोर्स की प्रस्तावित रूपरेखा साझा कर रहें हैं | आपसे अनुरोध है कि इस प्रस्तावित रूपरेखा पर आप अपने विचार हमसे साझा करें और आगे की कार्रवाई की योजन बताएं |

भवदीय

For. धीर झिंगरन
कार्यकारी निदेशक
एल.एल.एफ़ (नई दिल्ली)
**संलग्न :**

- प्रस्तावित अनुबंधों की रूपरेखा -06 माह का प्रारंभिक भाषा शिक्षण एवं अकादमिक सहयोग सर्टिफिकेट कोर्स
- सर्टिफिकेट कोर्स – कार्यक्रम वितरण